**राजस्थान सरकार**

# आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

## राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह अप्रैल, 2025 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं। **राज्य का माह अप्रैल**, 2025 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक 397.73 (प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह मार्च**, 2025 **के सूचकांक 396.66 की तुलना में 0.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च**, 2025 **में** 1.91 **प्रतिशत** (**अप्रैल** 2024 **की तुलना**) **रही है। माह अप्रैल**, 2025 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 444.60 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.76 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 310.11 **अंक रहा है।** राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%): माह अप्रैल, **2025** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **444.60** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से 0.47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में 0.37 प्रतिशत एवं खनिज उप समूह सूचकांक में **1.13** प्रतिशत वृद्धि होना रहा। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह में (-)0.66 प्रतिशत की कमी एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **2.61** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **5.81** प्रतिशत, दूध में 0.44 प्रतिशत एवं रेशा में **0.40** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में 1.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः जिप्सम में 0.79 प्रतिशत, चूना पत्थर में **0.58** प्रतिशत, चाँदी में **25.84** प्रतिशत, स्टेटाइड में **0.02** प्रतिशत, निर्माण पत्थर में **0.68** प्रतिशत एवं मिट्टी की ईंट 0.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अप्रैल, **2024** की तुलना अप्रैल, **2025** में) 4.75 प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह अप्रैल, **2025** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.76** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में 0.12 **प्रतिशत** की वृद्धि दर्ज की गई। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कोयला में 0.99 प्रतिशत एवं पेट्रोल, डीजल एवं **LPG** गैस समूह में **0.13** प्रतिशत की वृद्धि होना रहा। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (अप्रैल, **2024** की तुलना अप्रैल, **2025** में) **0.11** प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): अप्रैल, **2025** के दौरान इस समूह का सूचकांक 310.11 अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में 0.17 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत बेबरेज़ एवं तंबाकू उप समूह मे 4.27 प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी से बने उत्पाद उप समूह मे 1.53 प्रतिशत और केमिकल उत्पाद उप समूह के सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (अप्रैल, **2024** की तुलना अप्रैल, **2025** में) 0.33 प्रतिशत दर्ज की गई।

**थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल, 2025 (आधार वर्ष** 1999-2000=100)

| क्र.सं. | समूह / उप समूह | समूहवार भारांकन | राजस्थान का थोक भाव सूचकांक | | | प्रतिशत विचलन अप्रैल, 2025 में | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अप्रैल*, 2025 | मार्च, 2025 | अप्रैल, 2024 | मार्च, 2025 | अप्रैल, 2024 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| I | प्राथमिक वस्तु समूह | 33.894 | 444.60 | 442.54 | 424.42 | 0.47 | 4.75 |
| | (अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह | 29.933 | 438.19 | 436.59 | 416.03 | 0.37 | 5.33 |
| | (ब) खनिज उप समूह | 3.961 | 493.00 | 487.50 | 487.87 | 1.13 | 1.05 |
| II | ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह | 16.253 | 568.76 | 568.08 | 568.11 | 0.12 | 0.11 |
| III | विनिर्मित उत्पाद समूह | 49.853 | 310.11 | 309.58 | 309.09 | 0.17 | 0.33 |
| **सामान्य सूचकांक** | | **100.00** | **397.73** | **396.66** | **390.28** | **0.27** | **1.91** |

*प्रावधानिक

Signature Not Verified
Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :27-05-2025 01:47:55